**एक नजर में**

### जेल का निरीक्षण करने पहुंची जिला न्यायाधीश

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्रीमती प्रवीणा व्यास के मार्गदर्शन में जिला जेल , उपजेल निवाड़ी एवं उपजेल जतारा का निरीक्षण, भ्रमण के साथ-साथ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया।**

श्रीमती सुनीता गोयल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बंदीगण को उनके अधिकारों की जानकारी दी साथ ही प्लीबारगेनिंग योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बंदीगण से उनकी पैरवी हेतु नि:शुल्क अधिवक्ता उपलब्ध है अथवा नहीं, एवं जेलों के अंदर जाति-आधारित और समान भेदभावपूर्ण प्रथाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही जिला जेल टीकमगढ़, उपजेल निवाड़ी एवं उपजेल जतारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त जेलों में सभी व्यवस्थाएं अच्छी पायी गई। बंदियों से पूछताछ करने पर बंदियों द्वारा जेल में कोई परेशानी नहीं होना बताया गया तथा भोजन, स्वास्थ्य उपचार व्यवस्था, मुलाकात व्यवस्था एवं वीडियो कॉफ्रेंस से पेशी तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं का होना अच्छा बताया गया।

# कलेक्टर की जनसुनवाई में फैसला ऑन द स्पॉट

**83 आवेदनों में से 52 प्रकरणों का मौके पर निराकरण**

**सुबह से रात हो या रात से दिन निराकरण होकर रहेगा**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़/मोहनगढ़। सुबह से लेकर रात तक और रात से लेकर सुबह तक सारे प्रकरणों का निराकरण होगा। हम सभी प्रकरणों के निराकरण में लगे हुए हैं। यह बात उस समय कही गई जब मंगलवार को दोपहर के समय कलेक्टर की जनसुनवाई चल रही थी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने स्वयं इस बात पर मुहर लगाई है। उन्होंने माना है कि ग्रामीण अंचल के लोग जमीनों के प्रकरणों में कार्यालयों के चक्कर लगाते हैं और किराया लगाकर गांव से शहर तक जाते हैं। इसी को देखते हुए आज जनसुनवाई करके शिकायतों का फैसला ऑन द स्पॉट किया जा रहा है। जनसुनवाई में राजस्व विभाग के 83 आवेदनों में से 52 प्रकरणों में राजस्व अभिलेख प्रकरणों में अंतिम आदेश पारित हुए।**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत अभिलेख सुधार के लिए एक साथ कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीदार कोर्ट लगाकर जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने आमजन से प्राप्त समस्याओं को सुना तथा शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई के दौरान आमजन से 123 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें राजस्व विभाग के 83, वन विभाग के एक, पुलिस विभाग के 4, पंचायत के 15, मत्स्य के 2, विद्युत के 5, पीएचई के 4, पीडीएस के 5, शिक्षा के 2 महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर परिषद जतारा के एक-एक आवेदन प्राप्त हुये। इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मोहनगढ़ में राजस्व के प्रकरणों के त्वरित समाधान एवं निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट लगाया गया, जिसमें राजस्व विभाग के प्राप्त 83 आवेदनों में से राजस्व अभिलेख दुरुस्ती के कुल 52 प्रकरणों में अंतिम आदेश पारित किये गये, सभी प्रकरणों में आवेदक के पक्ष में निर्णय हुआ। मोहनगढ़ में कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार न्यायालय में एक ही दिन में सुनवाई की गई, ये प्रकरण वर्ष 2020 से वर्ष 2026 तक के हैं। उन्होंने अभियान में कम प्रगति करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जिसके तहत मंगलवार को संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में अभिलेख सुधार के लिए एक साथ कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी, एवं तहसीलदार कोर्ट लगाई गई। जिसमें लेखन त्रुटि के कारण लंबित हुए प्रकरणों का अभिलेख सुधार कर निराकरण किया गया। कलेक्टर कोर्ट से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत तहसीलदार द्वारा जांच की गई।

### तीन किसानों को मिला रिकार्ड सुधार का आदेश

संकल्प से समाधान अभियान में तीन लोगों ने राजस्व से संबंधित रिकार्ड में सुधार के लिए आवेदन दिया जिसमें कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अधिकारियों को निर्देशित कर उक्त तीनों किसानों के रिकार्ड में सुधार करावाकर मौके पर ही आदेश जारी किया गया। जिसमें गरीबदास पिता गोपी यादव निवासी इकबालपुरा का तुरंत नाम परिवर्तन किया गया। सुनबाई पत्नी बालों कुशवाहा, निवासी बनारसी मोहनगढ़ के हिस्से में सुधार कराया गया वहीं भगवानदास पिता बलदेव बढ़ई,निवासी हतेरी के नाम भूमि दर्ज कराई गई।

### कलेक्टर के साथ यह टीम रही मौजूद

मंगलवार को मोहनगढ़ में आयोजित संकल्प से समाधान अभियान में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के अलावा जिले के आला अधिकारी मौजूद रहे। जिसमें डिप्टी कलेक्टर निशांत भूरिया, जतारा एसडीएम संजय दुबे, मोहनगढ़ तहसीलदार रमेश चंद परमार,जतारा जनपद सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, जिला खाद्य अधिकारी, मोहनगढ़ सरपंच अखलेश केवट, ग्राम पंचायत सचिव जयराम सेन साहित अनेक अधिकारी कर्मचारियों सहित मोहनगढ़ क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणजनों ने अभियान में भाग लिया। इस अभियान के तहत लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण हुआ।

## चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। देहात थाना क्षेत्र स्थित जनकपुर गांव में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। घटना का पता मंगलवार सुबह चला, जिसके बाद पीड़ित ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है।**

जनकपुर निवासी रामलाल अहिरवार ने बताया कि सोमवार रात करीब 11 बजे वे अपने दो मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल पर सोने चले गए थे। मंगलवार सुबह जब उनकी पत्नी सोकर उठीं, तो उन्होंने नीचे के मुख्य दरवाजे का गेट खुला पाया। रामलाल ने नीचे आकर देखा तो कमरे का ताला टूटा हुआ था और सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर लोहे के बक्से में रखे चांदी के जेवर, जिनमें पायल, करधौनी और छानी की हाफ पेटी शामिल थी, चुरा ले गए। इसके अलावा, बक्से से 30 हजार रुपये नकद भी गायब थे। रामलाल अहिरवार ने बताया कि वह कारीगरी का काम करते हैं। सोमवार को ठेकेदार ने उन्हें मजदूरों का भुगतान करने के लिए ये पैसे दिए थे। आज ही उन्हें मजदूरों को भुगतान करना था। चोरी हुए जेवरात और नकदी मिलाकर कुल नुकसान करीब डेढ़ लाख रुपए बताया गया है। देहात थाने में घटना की शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आवेदन ले लिया है और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है, हालांकि अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। देहात थाना क्षेत्र स्थित जनकपुर गांव में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। घटना का पता मंगलवार सुबह चला, जिसके बाद पीड़ित ने देहात थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## डिवाइडर तोड़ने से मिलेगी जाम की समस्या से निजात



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शहर में रेलवे रैक पॉइंट पर अब ट्रक गलत दिशा रॉन्ग साइड से नहीं जाएंगे। यातायात को सुगम बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका ने रेलवे पुल के पास बने डिवाइडर को तोड़ दिया है। इस कदम से रेलवे स्टेशन पर खाद और अनाज के रैक उठाने वाले ट्रकों को सीधा रास्ता मिलेगा, जिससे लगातार लगने वाले जाम और यातायात की समस्या से निजात मिलेगी।**

यह निर्णय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिया गया था, जिस पर अब अमल किया जा रहा है। सोमवार को जेसीबी मशीन की मदद से डिवाइडर को तोड़ा गया। दरअसल, टीकमगढ़ के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खाद, अनाज और अन्य सामग्री के रैक लगाए जाते हैं। प्लेटफॉर्म के निर्माण से पहले, जिला न्यायालय द्वार से रेलवे पुल तक नगर पालिका द्वारा डिवाइडर का निर्माण किया गया था ।इस डिवाइडर के कारण स्टेशन पर आने-जाने वाले भारी वाहनों और ट्रकों को निकलने में काफी परेशानी होती थी, जिससे आए दिन घंटों जाम की स्थिति बन जाती थी।

## छात्रों ने निकाली ग्राम में स्वच्छता रैली

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर शासकीय पूर्व माध्यमिक केंद्रीय शाला मधुबन ग्राम गनेशगंज में संस्था के प्राचार्य डॉ.केसी जैन के निर्देशन में किया जा रहा है।**

इसके अंतर्गत संपूर्ण ग्राम में स्वच्छता रैली निकाली गई और ग्रामवासियों से अपील की गई कि स्वच्छता केवल सरकार का कार्यक्रम नहीं, हम सबकी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। जिस तरह हम अपने घर को साफ़ रखते हैं, उसी तरह अपने आस-पास, गली, मोहल्ले, गाँव और शहर को स्वच्छ रखना भी हमारा कर्तव्य है। साथ ही स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। शिविर में बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद राय सहायक जिला अभियोजन अधिकारी जिला न्यायालय , सहायक प्राध्यापक डॉ.रजनी राय उपस्थित हुए। सर्वप्रथम प्रमोद राय जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए छात्राओं दृढ़ संकल्पित होकर आप किसी भी एग्जाम की तैयारी करते हैं तो निश्चित ही सफल होते हैं ।

## सड़क हादसे में 8साल के बच्चे की मौत



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। झांसी हाईवे पर सोमवार रात एक तेज रफ्तार कार ने 8 साल के बच्चे को कुचल दिया। हादसे के बाद मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपियों की कार को अपने कब्जे में ले लिया है और फरार हुए चारों लोगों की तलाश की जा रही है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।**

यह घटना दिगौड़ा थाना इलाके के बिघा तिराहा के पास की है। 8 साल का भारत कुशवाहा अपने पिता बालमुकुंद के साथ एक रिश्तेदारी से लौट रहा था। शाम करीब 7.30 बजे जैसे ही भारत यात्री बस से नीचे उतरा, पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भारत काफी दूर जाकर गिरा। हादसे के बाद कार में सवार चार लोगों ने मदद का नाटक किया। वे बच्चे को अपनी कार में डालकर अस्पताल ले जाने लगे, उनके साथ बच्चे के माता-पिता भी बैठ गए।

## 73 रोगियों को दी गई औषधियां

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। आयुष पद्धति का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता लाने के संचनालय आयुष भोपाल मध्य प्रदेश एवं कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. विनोद कुमार के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर समर्रा के द्वारा ग्राम राधापुर में नि:शुल्क शिविर लगाया गया। शिविर में 73 रोगियों को रोग के अनुसार औषधियों को वितरित किया गया।**

इस शिविर में स्त्री रोग,उदर रोग ,मधुमेह, कास, प्रतिशयाय, शोथ, वात रोग आदि रोग एवं ऋतु आहार पान, व्यायाम के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डॉ. ऋचा बौद्ध सीएएमओ, हेमंत कुमार प्रजापति कंपाउडर,मन्नालाल सौर डबासाज, आशीष अहिरवार योग प्रशिक्षक, राजवेंद्र अहिरवार योग सहायक और समस्त ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

## कोर्ट परिसर में जैन मुनि महाराज ने सुनाए प्रवचन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कोर्ट परिसर में जैन मुनि समत्व सागर महाराज और शील सागर महाराज के प्रवचन आयोजित किए गए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने दोनों संतों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला जज सहित तमाम वकील और कोर्ट का स्टाफ मौजूद रहा।**

मुनि समत्व सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि आज के दौर में जब अदालतों के सामने सच्चाई और नैतिकता को लेकर कई चुनौतियां हैं, तब जैन धर्म की प्राचीन न्याय-विद्या एक सही रास्ता दिखा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वही फैसला सही और प्रमाणिक माना जाता है, जिसमें किसी भी तरह का भेदभाव, लगाव या पक्षपात न हो। मुनि श्री ने बताया कि जैन दर्शन की सोच सजा देने से ज्यादा इंसान को सुधारने और उसके अंदर बदलाव लाने पर टिकी है। उन्होंने अनेकांतवाद के सिद्धांत का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले सभी पक्षों को पूरी गहराई से सुनना और समझना बहुत जरूरी है। वहां मौजूद कानून के जानकारों और विद्वानों ने माना कि अगर जैन दर्शन की इन अच्छी बातों को जजों की ट्रेनिंग और कानून की पढ़ाई में शामिल किया जाए, तो न्याय का मतलब बदल सकता है।

कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि न्याय केवल बाहर ढूंढने वाली चीज नहीं है, बल्कि यह इंसान के अंदर की अपनी समझ और विवेक है। इस खास आयोजन में जिले के सभी जज, वकील और शहर के लोग मौजूद रहे ।कोर्ट परिसर में सोमवार को जैन मुनि समत्व सागर महाराज और शील सागर महाराज के प्रवचन आयोजित किए गए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी ने दोनों संतों का स्वागत किया। इस मौके पर जिला जज सहित तमाम वकील और कोर्ट का स्टाफ मौजूद रहा।

## मातृधाम छिपरी में 7 दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

**अनेक कलाकार कार्यक्रम में करेंगे कला का प्रदर्शन**

**महाशिवरात्रि पर्व पर होंगे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम**



**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। मातृ धाम छिपरी में 7 दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ हो गया है ।बीते दिन दोपहर में कलश यात्रा निकाली गई, जिसके बाद वृंदावन धाम से आईं साध्वी पीतांबरा देवी ने श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन संत रविशंकर महाराज और भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत ने किया।**

महोत्सव के पहले दिन गायक लीलाधर रैकवार और उनकी टीम ने बुंदेली गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। देर रात तक चले इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे ।यह महोत्सव छिपरी स्थित मां शारदा की पहाड़ी पर आयोजित किया जा रहा है, जहां दो साल पहले 70 फीट ऊंची भगवान सदाशिव की प्रतिमा स्थापित की गई थी।9 से 15 फरवरी तक चलने वाले इस उत्सव में प्रतिदिन दोपहर में श्रीमद् भागवत कथा और शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को मुस्कान प्रजापति अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी। इसके बाद 11 फरवरी को रवि अहिरवार, 12 फरवरी को जितेंद्र कुमार चौरसिया और 13 फरवरी को कविता शर्मा अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी।

14 फरवरी को भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा भजनों की प्रस्तुति देंगे। ड्डमहोत्सव का समापन महाशिवरात्रि के दिन, यानी 15 फरवरी को होगा। इस दिन सुबह 6 बजे से शिवार्चन का आयोजन किया जाएगा। शाम को इंडियन आइडल फेम पवनदीप राजन अपने भजनों से दर्शकों का मन मोहेंगे। वृंदावन धाम से आईं साध्वी पीतांबरा देवी ने श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ किया।

### 14 को आएंगे लखबीर सिंह लक्खा

15 फरवरी महाशिवरात्रि सुबह 6 बजे से विशेष शिवार्चन और पूजा-अर्चना की जाएगी। 14 फरवरी मशहूर भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा अपनी बुलंद आवाज में भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। इंडियन आइडल विजेता पवनदीप राजन अपनी जादुई प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का मन मोह लेंगे।

**मामला** | **हमला करने वालों पर पुलिस पहले ही कर चुकी मामला दर्ज**

# खनिज टीम पर हमला करने वाले बना रहे पुलिस पर दबाव



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खजिन विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ कुण्डेश्वर मार्ग पर स्थित मिनौरा में अवैध खनन की सूचना पर कार्यवाही करने पहुंचे। इसी दौरान इस टीम पर खनन माफियाओं ने हमला बोल दिया। खनिज अधिकारी की शिकायत पर पुलिस ने पांच नाम दर्ज पर एफआईआर करके मामले को विवेचना में ले लिया है। वहीं खनिज विभाग की टीम पर हमला करने वाले लोग अब पुलिस पर दबाव बना रहे है। उनका मानना है कि पुलिस पर दबाव बनाने से खनिज विभाग की टीम पर मामला दर्ज हो जाएगा ।जबकि खनिज अधिकारी विपुल रावत ने बताया कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो उनके पास सुरक्षित है।**

हालांकि पुलिस ने खनिज अधिकारी की शिकायत पर एफआईआर की, तो वहीं ग्रामीणों की शिकायत को जांच में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक खनिज अधिकारी विपुल रावत एवं खनिज इंस्पेक्टर कुलदीप जैन अपनी खनिज टीम के साथ अवैध मुरम एवं रेत माफियाओं के खिलाफ लगातार कार्यवाही को अंजाम दे रहे हैं। इसी तारतम्य में भी मिनौरा क्षेत्र में टीम कार्यवाही करने पहुंची थी। कार्यवाही के दौरान पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्राली को छुड़वाने के लिए आरोपियों ने दबाव बनाया जब अधिकारी नहीं माने तो उन्होंने मारपीट की। खनिज अधिकारी विपुल रावत ने कहा है कि पूरे घटनाक्रम का वीडियो उनके पास सुरक्षित है। हालांकि मिनौरा निवासी आरोपी चंदू आदिवासी ने आरोप लगाया है कि खजिन अधिकारी एवं इंस्पेक्टर ने उसके साथ मारपीट की है। उसने बताया कि इसी कारण उसके सिर में चोट आई। दोपहर से लेकर देर शाम तक पुलिस मामले की तहकीकात में लगी रही। हालांकि देर शाम पुलिस ने खनिज अधिकारी विपुल रावत की शिकायत पर आरोपी अरविन्द राय, रवि राय, नीरज सिंह, जितेन्द्र राय निवासी कुण्डेश्वर सहित चंदू आदिवासी मिनौरा के खिलाफ धारा 296, 126(2), 132, 121(1), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। वहीं पुलिस ने कहा है कि फरियादी विपुल रावत की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की गई, तो वहीं दूसरे पक्ष से आवेदन लेकर उसे जांच में लिया गया है। उन्होंने कहा है कि जांच में जो भी बिन्दु सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्यवाही को अंजाम दिया जाएगा। समझदारी न दिखाते तो कोई बड़ी घटना घटित हो सकती थी। ट्रेक्टर-ट्राली छीन उससे मारपीट शुरू कर दी थी।

### जान जोखिम में डालकर किया बचाने का प्रयास

इस मामले में खनन माफियाओं ने खनिज विभाग के कर्मचारी से ट्रेक्टर-ट्राली छीन उससे मारपीट शुरू कर दी थी। साथी को देख विपुल रावत एवं कुलदीप जैन से रहा नहीं गया। उन्होंने खुद की जान को जोखिम में डालकर उसे बचाने का प्रयास किया और वह सफल हुए। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## कल होगा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 12 फरवरी 2026 को प्रात: 10:30 बजे देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाई जेके टायर इंडस्ट्रीइज लिमि.द्वारा मुरैना मध्यप्रदेश के लिए ऑनलाइन वर्चुअल माध्यम से कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है।**

इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में डिप्लोमा की समस्त शाखाओं के वे छात्र-छात्राएं, जिनकी आयु 18 वर्ष से 30 वर्ष के मध्य है, भाग ले सकेंगे। यह आयोजन तकनीकी शिक्षा प्राप्त युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण एवं सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा समस्त पात्र एवं इच्छुक छात्र-छात्राओं को सूचित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर लाभ उठाएं।

## सुरक्षा गार्डों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला प्रशासन एवं मप्र डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड नीमच के द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु एवं निवाड़ी जिले में 9 फरवरी से 9 मार्च 2026 तक सुरक्षा गार्ड के पदों पर भर्ती कैंपो का आयोजन किया जा रहा है।**

10 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय तरीचर में, 11 फरवरी को सीएमटीसी कार्यालय ओरछा में, 12 फरवरी को जनपद पंचायत निवाडी में, 13 फरवरी को सीएलएफकार्यालय जैरोन में, 14 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय नेंगुआ में, 16 फरवरी को जनपद पंचायत पृथ्वीपुर में, 17 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय लारोन में, 18 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय बम्होरीकला में, 19 फरवरी को जनपद पंचायत पलेरा में 20 फरवरी को ग्राम पंचायत कार्यालय भेलसी में, 21 फरवरी को साधना सीएलएफहटा में भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा।

इसके साथ ही 23 फरवरी को नगर परिषद खरगापुर में, 24 फरवरी को जनपद पंचायत बल्देवगढ़ में, 25 फरवरी को ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में, 26 फरवरी को सीएलएफकार्यालय दिगौड़ा में, 27 फरवरी को जनपद पंचायत जतारा में, 28 फरवरी को सीएलएफकार्यालय बडागांव में, 2 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय बुडेरा में, 7 मार्च को ग्राम पंचायत कार्यालय मबई में तथा 9 मार्च को जनपद पंचायत में प्रात: 11 बजे से शाम 3 बजे तक भर्ती कैंपो का आयोजन किया जायेगा। भर्ती शिविरों में इन चयनित युवाओं को नीम में एक माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जायेगी।